# 23 राजस्थान की इतिहास प्रसिद्ध महिलाएँ

1. वह महिला, जो राजस्थान की प्रथम महिला राज्यपाल बनी?
(1) सुमित्रा सिंह (2) मारग्रेट अल्वा
(3) श्रीमती प्रतिभा पाटिल (4) शांति त्रिवेदी (3)
**व्याख्या–** प्रतिभा पाटिल राजस्थान की प्रथम महिला राज्यपाल बनी। ये 8 नवम्बर, 2004 से 23 जून 2007 तक राजस्थान की 16वीं राज्यपाल रही। इन्हें भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त है।

2. राजस्थान की प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष बनने वाली महिला हैं?
(1) कमला बेनिवाल (2) मारग्रेट अल्वा
(3) कांता कथुरिया (4) श्रीमती सुमित्रा सिंह (4)

3. 1938 में मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना करने वाले प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी माणिक्यलाल वर्मा की पत्नी भी अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी थी, उसका नाम था–
(1) कमला देवी (2) सहजोबाई
(3) नारायणी देवी (4) अंजना देवी (3)

4. राजस्थान में राज्य महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया था–
(1) कमला बेनीवाल (2) गिरिजा व्यास
(3) कांता भटनागर (4) कांता खतुरिया (4)

5. राजस्थान की प्रथम महिला पायलट कौन थी–
(1) निवेदिता (2) नम्रता भट्ट
(3) सुनयना (4) तनुश्री पारीक (2)

6. आई.एल.76 विमान उड़ाने वाली देश की प्रथम महिला पायलट है–
(1) तनुश्री पारीक (2) भक्ति शर्मा
(3) स्नेहा शेखावत (4) वीना सहारण (4)

7. किस महिला को महिलाओं की शिक्षा के लिए कार्य करने के लिए भारत सरकार ने 1970 में पद्मश्री से सम्मानित किया–
(1) राजमाता गायत्री देवी (2) वंसुधरा राजे
(3) मिस लूटर (4) यशोदा देवी (3)

8. रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाली राजस्थान की प्रथम महिला है–
(1) राज्यश्री कुमारी (2) अरूणा राय
(3) हमीदा बानो (4) नगेन्द्र बाला (2)

9. अंजना देवी चौधरी का संबंध किस जिले से रहा है?
(1) जयपुर (2) झुंझुनूं
(3) भीलवाड़ा (4) सीकर (4)
**व्याख्या–** अंजना देवी चौधरी का जन्म सीकर जिले के श्रीमाधोपुर में 1887 ई. में हुआ। ये राजस्थान के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी रामनारायण चौधरी की पत्नी थी।

10. राजस्थान के प्रथम महिला मुख्य सचिव कौन थी?
(1) नम्रता भट्ट (2) यशोदा देवी
(3) कुशलसिंह (4) गिरजा व्यास (3)

11. राजस्थान की प्रथम महिला 'फाइटर पायलट'.......... है।
(1) वीना राजपूत (2) मोहना सिंह
(3) सुरभि मिश्रा (4) रीमा दत्ता (2)

12. राजस्थान की प्रथम महिला सांसद बनने का गौरव प्राप्त किया है?
(1) श्रीमती शारदा भार्गव (2) यशोदा देवी
(3) कमला बेनवाल (4) राज्यश्री कुमारी (1)

13. नारायणी देवी वर्मा किस वर्ष राज्यसभा की सदस्य बनी गई थी?
(1) 1960 (2) 1952
(3) 1965 (4) 1970 (4)
**व्याख्या–** बिजौलिया किसान आंदोलन के समय नारायणी देवी वर्मा को बंदी बनाकर कुंभलगढ़ किले में रखा गया था। स्वतंत्रता के बाद इन्हें 1970 में राज्य सभा के लिए निर्वाचित किया गया।

14. बीकानेर के किस राजकुमारी को निशानेबाजी के लिए 1968 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
(1) अरूणा राय (2) गायत्री देवी
(3) राज्यश्री कुमारी (4) सिद्धी कुमारी (3)

15. निम्न में से किसे 'गाँधी जी की मानस पुत्री' कहा जाता है?
(1) सावित्री देवी भाटी (2) श्रीमती सत्याभामा
(3) रमादेवी (4) मणिबहन (2)
**व्याख्या–** श्रीमती सत्याभामा ने ब्यावर(अजमेर) में 1932 के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। इन्हें गाँधी जी की मानस पुत्री कहा जाता है।

16. श्रीमती रामदुलारी शर्मा, जिन्होंने ........ के ........क्षेत्र में महिलाओं का नेतृत्व करते हुए कोतवाली का घेरवा किया था?
(1) कोटा, रामपुरा (2) अजमेर, ब्यावर
(3) जयुपर, चौमू (4) अलवर, नीमूचाणा (1)

17. माणिक्यलाल वर्मा की ........... ज्येष्ठ पुत्री थी।
(1) नारायण देवी वर्मा (2) जानकी देवी
(3) स्नेहलता वर्मा (4) रमादेवी (3)

18. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी किशोरी देवी के बारे में सत्य कथन नहीं है–
(1) ये शेखावाटी के स्वतंत्रता सेनानी सरदार हरलाल खर्रा की पत्नी थी।
(2) इन्होंने अपने पति के साथ शेखावाटी क्षेत्र में जागीर प्रथा के विरोध में हुए आन्दोलन में भाग लिया।
(3) इन्होंने सिहोट ठाकुर द्वारा सोतिया का बास नामक गाँव में जाट महिलाओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में आंदोलन किया।
(4) इन्होंने 25 अप्रैल, 1934 को सीकर के नीमूचाणा गाँव में 10,000 महिलाओं के विशाल सम्मेलन की अध्यक्षता की। (4)
**व्याख्या–** किशोरी देवी ने 25 अप्रैल, 1934 को सीकर के 'कटराथल' गाँव में 10,000 महिलाओं के विशाल सम्मेलन की अध्यक्षता की।

19. निम्न में से असुमेलित युग्म हैं–

| (स्वतंत्रता सेनानी) | (संबंधित स्थान) |
|---|---|
| (1) सत्यवती शर्मा | – भरतपुर |
| (2) श्रीमती खेतु बाई | – बीकानेर |
| (3) श्रीमती भारती देवी | – जयपुर |
| (4) श्रीमती कोकिला देवी | – जैसलमेर |

(4)

**व्याख्या–** श्रीमती कोकिला देवी ने नमक सत्याग्रह आन्दोलन में अजमेर में सत्याग्रह में भाग लिया था।

20. मणिबहन पांड्या किसकी धर्मपत्नी थी, जिन्होंने अपने पति के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था?
(1) जयनारायण व्यास (2) केसरी सिंह बारहठ
(3) भोगीलाल पाण्ड्या (4) गंगासहाय (3)

21. बाँसवाड़ा के स्वतंत्रता सेनानी धूलजी भाई भावसागर से विधवा विवाह निम्न में से किसने किया?
(1) विजया बहन (2) दुर्गा देवी
(3) रमादेवी (4) नगेन्द्रबाला (1)

22. अरूणा राय के बारे में निम्नलिखित कथनों में से असत्य कथन का चयन कीजिए–
(1) इनका जन्म 26 मई, 1946 को अजमेर में हुआ था।
(2) इन्होंने राजसमंद के देव डूँगरी गाँव में 'मजदूर किसान शक्ति संगठन' नामक संस्था की स्थापना की।
(3) ये रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (2000) प्राप्त करने वाली राजस्थान की प्रथम महिला है।
(4) सूचना का अधिकार लागू करवाने के लिए इन्होंने सबसे पहले आवाज उठाई। (1)

**व्याख्या–** इनका जन्म 26 मई, 1946 को चेन्नई में हुआ था।

23. निम्न में किसे मैक्सिको के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ एज्टेक ईगल' से सम्मानित किया गया है?
(1) वंसुधरा राजे (2) प्रतिभा पाटिल
(3) अरूणा राय (4) मिस लूटर (2)

24. श्रीमती भगवती देवी विश्नोई ने किस जाति में समाज सुधार और शिक्षा प्रसार का कार्य किया?
(1) हरिजन (2) मीणा
(3) विश्नोई (4) भील (1)

**व्याख्या–** श्रीमती भगवती देवी विश्नोई ने 1933–34 में नरेली आश्रम में रहकर हरिजन जाति में समाज सुधार और शिक्षा प्रसार का कार्य किया।

25. 'सोशल वर्क एण्ड रिसर्च सेन्टर' की स्थापना अरूणा राय ने अपने पति बंकर राय के साथ मिलकर कहाँ पर की थी?
(1) अग्रोहा (उदयपुर) (2) तिलोनिया (अजमेर)
(3) गौरीर (झुन्झुनू) (4) देव डूँगरी (राजसमंद) (2)

26. श्रीमती गंगा बाई ने किस प्रजाणमडल आंदोलन में भाग लिया था?
(1) नाथद्वारा प्रजामण्डल (2) अलवर प्रजामण्डल
(3) मारवाड़ प्रजामण्डल (4) जयपुर प्रजामण्डल (1)

27. रूमा देवी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–
(1) इन्हें 2018 में 'नारी शक्ति' पुरस्कार दिया गया।
(2) 2019 में इन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति' के शो में भी लाग लिया।
(3) 14 फरवरी, 2020 को हॉवर्ड विश्वविद्यालय (अमेरिका) के कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा किए।
(4) इनका जन्म राजस्थान के जालौर जिले में हुआ था।
उपर्युक्त में से सत्य कथन नहीं है–
(1) केवल 4 (2) केवल 3
(3) केवल 2 (4) 2 व 3 दोनों (1)

**व्याख्या–** रूमा देवी का जन्म बाड़मेर जिले में हुआ था।

28. निम्नलिखित में 'पद्मश्री' से सम्मानित होने वाली राजस्थान की प्रथम महिला थी?
(1) जानकी देवी बजाज (2) नारायण देवी वर्मा
(3) श्रीमती रतन शास्त्री (4) किशोरी देवी (3)

**व्याख्या–** रतन शास्त्री का जन्म खाचरोद (मध्यप्रदेश) में 15 अक्टूबर, 1912 को हुआ। यह हीरालाल शास्त्री की धर्मपत्नी थी।

29. राजस्थान की प्रथम महिला डॉक्टर का कौन है, जिन्होंने 1936 में इंग्लैण्ड से उच्च शिक्षा प्राप्त की?
(1) कमला स्वाधीन (2) पार्वती गहलोत
(3) श्रीमती शकुन्तला देवी (4) कमला देवी (2)

**व्याख्या–** पार्वती गहलोत जोधपुर की निवासी थी, जो 1930 में राजस्थान की प्रथम डॉक्टर बनी।

30. सुशीला त्रिपाठी के बारे में असत्य कथन का चयन कीजिए–
(1) ये अलवर के लोकजागरण के अग्रदूत लक्ष्मणस्वरूप त्रिपाठी की पत्नी थी।
(2) इन्होंने अपने पति के साथ मद्रास में हिन्दी प्रचार का कार्य किया।
(3) 1933 में दिल्ली के चाँदनी चोक में सत्याग्रह किया, जिसके लिए इन्हें 6 माह का कारावास मिला।
(4) इन्होंने बीकानेर में जन–जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई (4)

**व्याख्या–** इन्होंने अलवर में जन–जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

31. श्रीमती प्रतिभा पाटिल के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें–
(1) इनका जन्म 1934 में नाडगाँव (महाराष्ट्र) में हुआ।
(2) इन्हें छोटी लोसल की बड़ी बहू के उपनाम से जानते हैं।
(3) इन्हें राजस्थान की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है।
(4) इनका विवाह शिक्षाविद् देवीसिंह शेखावत
उपर्युक्त में असत्य कथन है–
(1) केवल 4 (2) केवल 3
(3) केवल 2 (4) 2 व 3 दोनों (2)

**व्याख्या–** इन्हें राजस्थान की प्रथम महिला 'राज्यपाल' बनने का गौरव प्राप्त है।

32. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म को छांटिए–

| (प्रसिद्ध महिलाएँ) | (पति के नाम) |
|---|---|
| (1) श्रीमती दुर्गावती देवी | – नित्यानंद |
| (2) मणिबहन पाण्ड्या | – भोगीलाल पाण्ड्या |
| (3) जानकी देवी बजाज | – जमनालाल बजाज |
| (4) श्रीमती रतना शास्त्री | – हीरालाल शास्त्री |

(1)

**व्याख्या–** श्रीमती दुर्गावती देवी पंडित ताड़केश्वर की पत्नी थी। इन्होंने शेखावाटी किसान आन्दोलन में अपने पति के साथ भाग लिया था।

33. देश की प्रथम महिला वायुसेना अधिकारी जिसने गणतंत्र दिवस परेड का नेतृत्व किया?
(1) स्नेहा शेखावत (2) अरूणा राय
(3) नम्रता भट्ट (4) भक्ति शर्मा (1)

**व्याख्या–** सीकर के हरदास का बास गाँव की निवासी फ्लाइट लेफ्टिनेंट स्नेहा ने 26 जनवरी, 2012 को दिल्ली राजपथ पर वायुसेना की परेड का नेतृत्व किया।

34. मिस लूटर के बारे में निम्नलिखित कथनों में से सत्य कथन नहीं है?
(1) इनका पूरा नाम 'लिलियन गोडाफ्रेडा डामीथ्रोन लूटर' था।
(2) ये द्वितीय विश्वयुद्ध के समय भारत आ गई थी।
(3) मिस लूटर को महारानी गायत्री देवी स्कूल में प्राचार्य के पद पर नियुक्त किया गया।
(4) भारत सरकार द्वारा इन्हें महिला शिक्षा के लिए 1970 में 'पद्म–भूषण से सम्मानित किया गया। (4)

**व्याख्या–** भारत सरकार द्वारा इन्हें महिला शिक्षा के लिए 1970 में 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया।

35. राजस्थान की प्रथम रेल चालक महिला कौन थी?
(1) वीना राजपूत (2) निवेदिता
(3) स्नेहा शेखावत (4) सुनयना (1)

36. कृष्णा पूनिया के बारे में असत्य कथन कौनसा है–
(1) इनका जन्म 5 मई, 1977 को अग्रोह (हिसार) में एक जाट परिवार में हुआ।
(2) इनका विवाह चुरू जिले के गागड़वास निवासी वीरेंद्र सिंह पूनिया से हुआ।
(3) 2011 में इन्हें पद्म–विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
(4) यह प्रसिद्ध डिस्कस थ्रोअर खिलाड़ी है। (3)

**व्याख्या–** 2011 में इन्हें 'पद्मश्री' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

37. राजस्थान की प्रथम महिला उप–मुख्यमंत्री बनने का गौरव किसे प्राप्त है, जो त्रिपुरा, गुजरात और मिजोरम की राज्यपाल रह चुकी है?
(1) कमला बेनीवाल (2) सुशीला त्रिपाठी
(3) यशोदा देवी (4) श्रीमती सुमित्रा सिंह (1)

38. उस क्रांतिकारी महिला का नाम बताइये जिसने बिजौलिया किसान आंदोलन में भाग लिया और उसे गिरफ्तार किया गया तथा 1930 के सत्याग्रह और 1932 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लिया और जेल गई ?
(1) सुशीला त्रिपाठी (2) रमा देवी
(3) नारायण देवी वर्मा (4) अंजना देवी चौधरी (2)

39. झुंझुनू से प्रथम महिला संसद सदस्य निम्नलिखित में से कौन है?
(1) कमला बेनिवाल (2) तारा भंडारी
(3) संतोष अहलावत (4) लक्ष्मी बारूपाल (3)

**व्याख्या–** संतोष अहलावत झुंझुनू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 16वीं लोकसभा में भाजपा सांसद है।

40. छगन बेन ने अपनी सर्वोदयी गतिविधियों के लिए राजस्थान का कौन–सा क्षेत्र चुना?
(1) जोधपुर का खींचन (2) मेवाड़ का बिजौलिया
(3) अलवर का नीमूचाणा (4) शेखावटी क्षेत्र (1)